>

Title: Need to check black-marketing by LPG agencies in Sheohar Parliamentary Constituency of Bihar.

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** महोदय, मुझे यहां से बोलने की अनुमति दी जाए।

महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर प्रदान किया इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं।

महोदय, संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चम्पारण जिलों में एलपीजी की कालाबाजारी धड़ल्ले से हो रही है तथा जिन लोगों को नए कनेक्शन मिलते हैं उन लोगों से निर्धारित शुल्क से ज्यादा राशि वसूल की जाती है। इसका विरोध करने पर उनका कनेक्शन रद्द करने की धमकी दी जाती है। इससे ज्यादा तो मनमानी इस कदर तक बढ़ गई है कि जिन लोगों का कनेक्शन प्रतीक्षा सूची में बाद में होता है उनमें से कई लोगों को प्रतीक्षा सूची में रहते हुए उनकी उपेक्षा कर बाद वाले प्रतीक्षा सूची में दर्ज लोगों को कनेक्शन दिया जाता है। उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति भी 45-45 दिन बाद की जाती है एवं एलपीजी की कीमत 410 रुपए निर्धारित है, परन्तु उपभोक्ताओं से मनमाने ढंग से रुपए लिए जाते हैं। इस संबंध में मैंने एक शिकायत भी की है, परन्तु आज तक उक्त गैस एजेंसी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है। मेरी जानकारी में आया है कि इन भ्रष्ट गैस एजेंसी वालों की मिलीभगत ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों के उच्च अधिकारियों से है, जो उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत मिलने के बावजूद दोषी गैस एजेंसियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं करते। यह भी पता लगा है कि आईओसी के अधिकारी भ्रष्ट वातावरण में इस कदर डूबे हैं कि सांसदों की शिकायतों पर भी कार्यवाही नहीं करते हैं। यही कारण है कि एलपीजी की कालाबाजारी आम बात हो गई है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि गैस एजेंसियों द्वारा हो रही काला बाजारी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए एवं सांसदों से एलपीजी के भ्रष्टाचार के संबंध में जो शिकायत मिली है इस संबंध में जो कार्यवाही आईओसी के अधिकारियों द्वारा होती है, उसकी भी जांच की जाए तथा गैस एजेंसियों में लम्बित प्रतीक्षा सूची के निष्पादन हेतु ऑयल कम्पनियों द्वारा जनहित में गैस कनेक्शन का कोटा बढ़ाया जाए। यही मेरी मांग है। धन्यवाद।